तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025


13 मैनपुर में कड़ाके की ठंड का कहर जारी



14 धान का अंतर राज्यीय अवैध परिवहन ट्रक में भरा 500...





## खबर संक्षेप

### जिले 6 करोड़ की दावा रहित जमा राशियों के निपटान के लिए मेगा शिविर 12 को

**गरियाबंद।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा भारत के 100 जिलों में दावा रहित जमा राशियों के लिए जिला स्तरीय मेगा शिविर का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार 12 दिसम्बर 2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 तक किया जाएगा। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से गरियाबंद जिले को चयनित किया गया है। गरियाबंद जिले में कुल 29 हजार 91 खातों में 6 करोड़ रूपयें से अधिक की राशि जमा है। इस शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक दावा रहित जमा राशि को उनके सही दावेदारों को प्रदान किया जाना है और अधिक से अधिक आवेदनों का निपटान किया जाना है।

### शहीद वीर नारायण की शहादत दिवस पर कार्यक्रम आज



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम ने बताया की छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर मैनपुर जिड़ार चौक में सुबह 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होने सभी को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पिथौरा रोड के पास एक युवक के कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया है। पुलिस में मामले में आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 8 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि विक्की यादव पिता राजेंद्र यादव (25 वर्ष) वार्ड 07 कर्रापारा बागबाहरा टीवीएस जुपिटर वाहन में अवैध रूप से बिक्री हेतु शराब परिवहन करने वाला है। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और कुछ देर बाद आरोपी टीवीएस जुपिटर सीजी 06 एचबी 8191 में आया, जिसे रोका गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 105 नग देशी प्लेन शराब कीमत 8400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

### पंछा वापस मांगा, मारपीट

**महासमुंद।** पंछा को वापस मांगने पर दो लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# ओड़िशा सीमा पर धान खरीदी जांच नाके सिर्फ कागजों पर, निलंबित सचिव की लगा दी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

**कागजी कार्रवाई की हद : कर्मचारियों की ड्यूटी सूची में छह महीने से निलंबित सचिव का नाम भी शामिल कर दिया**

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ओड़िशा सीमा से लगे हुए धान खरीदी केंद्रों पर अवैध धान परिवहन रोकने के लिए लगाए गए जांच नाके (चेक पोस्ट) क्षेत्र में सिर्फ नाम के रह गए हैं। इन नाकों पर कर्मचारी ड्यूटी से नदारद हैं, जिससे सीमा पार से अवैध धान आने की आशंका बढ़ गई है। मामले में सबसे बड़ी लापरवाही तब सामने आई जब धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए लगाए गए कर्मचारियों की ड्यूटी सूची में एक छह महीने से निलंबित सचिव का नाम भी शामिल कर दिया गया। यह कर्मचारी वर्तमान में कार्य पर उपस्थित नहीं है, फिर भी उनकी ड्यूटी लगाई गई है और विभाग ने यह जानने की भी जहमत नहीं उठाई कि वह नाके पर पहुंचे हैं या नहीं।



#### नाका क्रमांक 2 की स्थिति

इसी तरह, ओड़िशा बॉर्डर से पहले चुरकी दादर में स्थित नाका क्रमांक 2 (वन विभाग का हाईटेक नाका) पर भी पहुँचने पर पता चला कि कोई भी कर्मचारी अब तक वहाँ नहीं पहुंचा है। इन दोनों नाकों की स्थिति से यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अवैध धान परिवहन को लेकर शासन-प्रशासन कितना गंभीर है। सबसे गंभीर लापरवाही यह है कि ग्राम पंचायत चुरकीदादर के 6 महीने से निलंबित पूर्व सचिव की भी ड्यूटी इस नाके पर लगा दी गई है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए तहसीलदार गेंद लाल साहू को फोन लगाया गया, किंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

#### गलत स्थान पर नाका स्थापना

**नाका क्रमांक 1 (चरौदा):** ओड़िशा सीमा से सटे ग्राम चरौदा में वन विभाग के एक नाके को ही धान जांच नाका बताया जा रहा है, जो गांव के चौक में स्थित है। स्थानीय लोगों के अनुसार, धान जांच का नाका चरौदा के पहले, ओड़िशा सीमा पर बनाया जाना था। वर्तमान स्थिति यह है कि धान खरीदी केंद्र पहले पड़ेगा और नाका बाद में, जिससे कोई भी धान लाने वाला सीधा खरीदी ▶▶|शेष पेज 12 पर

**विडंबना : हितग्राहियों के नाम पर कागजों में आवास दर्ज, वे आज भी झोपड़ी में जिंदगी गुजार रहे**

# हमारा पक्का घर कहां है, दिखा दो साहब, जिले में 13 गरीब परिवारों ने दर्ज कराई अनोखी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा के करीब 13 गरीब हितग्राहियों ने मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में एक ऐसी अनोखी शिकायत दर्ज कराई, जिसने प्रशासन को भी गंभीर रूप से सोचने पर मजबूर कर दिया। ये सभी परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के तहत मकान पाने के पात्र हैं, लेकिन शासन के रिकॉर्ड में इनके नाम पर पहले से ही एक 'पक्का मकान' दर्ज है। जिन हितग्राहियों के नाम पर कागजों में आवास दर्ज है, वे आज भी झोपड़ी और टपरे में ज़िंदगी गुजार रहे हैं। जनदर्शन में पहुंचे इन 13 परिवारों ने प्रशासन से बस एक ही सवाल पूछा है अगर हमारा घर बन चुका है, तो हमें दिखा दो साहब, आखिर वो बना कहां है। यह खुलासा तब हुआ जब ये सभी हितग्राही नगर पंचायत कोपरा में पीएम आवास शहरी 2.0 की सूची में नाम आने के बाद अपनी पात्रता की जांच करा रहे थे। तब पता चला कि इनके नाम पर पूर्व में (जब कोपरा ग्राम पंचायत हुआ करता था) आवास निर्माण पूरा हो चुका है।

**हितग्राहियों के आरोप और मांग-** शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें कभी कोई मकान नहीं मिला, न ही किसी ने उनके लिए बनवाया। वे सवाल उठा रहे हैं कि वह 'रहस्यमयी मकान' ▶▶|शेष पेज 12 पर



#### रिकॉर्ड में दर्ज नाम

शासन के रिकॉर्ड में जिन हितग्राहियों के नाम पर 'प्रधानमंत्री आवास बन चुका है' दिखाया गया है, वे हैं:- होरीलाल चक्रधारी, कमल राम साहू, सुदर्शनलाल, महेन्द्र कुमार साहू, दुष्यंत साहू, अशोक कुमार पटेल, धनीराम साहू, गोपाल साहू, प्रकाश निषाद, रामशाय निषाद, मिथलेश कमार, जीवनलाल साहू, नीरज यादव।



#### कलेक्टर ने दिया जांच का आश्वासन

जनदर्शन में पहुंचे लोगों को कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने आश्वस्त किया है कि वे एसडीएम राजिम से इस मामले की परत दर परत जांच करवाएंगे। जानकारों का मानना है कि इस मामले की गहन जांच की जाए तो इस तरह के आंकड़े और भी बढ़ सकते हैं, जिनके नाम पर कागजों पर आवास बन चुका है, जबकि वास्तविकता में वे आज भी कच्चे घरों में रहने को मजबूर हैं। आवेदकों ने आवेदन के साथ नगर पंचायत कोपरा द्वारा पूर्व में जारी आवास योजना की सूची भी संलग्न की है। कोपरा के ये 13 परिवार अब प्रशासन से यही उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस बार कागजों का नहीं, असली पक्के घर का सपना पूरा हो सके।

# महानदी की सफाई को लेकर रेस्ट हाऊस में बैठक आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम में पैरी नदी और महानदी के बीच कटीली झाड़ियां ऊग आई है और पानी का बहाव लगभग बंद हो गया है। हालत चिंताजनक है इसे लेकर राजिम विधायक रोहित साहू ने एक शानदार पहल करते हुए आज बुधवार 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे राजिम रेस्ट हाऊस में एक विशेष बैठक बुलाई है जिसमें त्रिवेणी संगम की सफाई के लिए चर्चा की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से जिला पंचायत, नगर पालिका, नगर पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिले के सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियो के अलावा नगर पालिका नवापारा, जनपद पंचायत मगरलोड के समस्त जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न संगठन, गणमान्य नागरिक, युवा वर्ग एवं पत्रकारों को आमंत्रित किया गया है। मालूम हो कि राजिम में पैरी, सोंढुर और महानदी मिलती हैं। इसलिए इसे त्रिवेणी संगम भी कहा जाता है। हालात यह है कि चमकीले रेत, पानी की निर्मल धारा की जगह अब काई, घास, कंटीली झाड़ियां उग आई हैं। नदी का मूल बहाव प्रभावित हुआ है। चमकीले ▶▶|शेष पेज 12 पर

# कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण, अव्यवस्था का लगाया आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं महामंत्री गेंदु यादव ने मंगलवार को दूरस्थ वनांचल शोभा सहित कई धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में किसानों से चर्चा किया। किसानों ने कई समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने बताया की आज भी धान बेचने के लिए बड़ी संख्या में किसानों का एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं हो पाया है। ऐसे किसान भटक रहे हैं तो वहीं धान की उठाव परिवहन नहीं होने से धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। किसानों ने टोकन काटने में परेशानी की बात बताई साथ ही वनांचल क्षेत्र होने के कारण टोकन काटने में सर्वर की परेशानी आ रही है। धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की भाजपा सरकार किसानो को धान खरीदी के नाम पर परेशान कर रही है। किसानों का रकबा काटा गया है जिसे तत्काल जोड़ना चाहिए साथ ही अभी भी एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन नहीं होने से किसान परेशान हो रहे हैं। कई धान खरीदी केन्द्रो में हमाल की समस्या बनी हुई है। टोकन नहीं कट पा रहा है।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

**सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम**

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


**स्कूल युक्ति करण की लापरवाही, जहां पर मर्ज किया गया है अत्यंत जर्जर**

# छुरा में युक्तिकरण की विसंगति, अच्छा विद्यालय जर्जर भवन में मर्ज, बच्चे वापस अमलीपारा लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा





शासन द्वारा स्कूलों में युक्तिकरण किया गया जिसमें अतिरिक्त शिक्षकों को अधिक दर्ज संख्या वाले स्कूलों में समायोजन किया गया। इसी तरह कम दर्ज संख्या वालों का युक्तिकरण के तहत पास के अधिक दर्ज संख्या वाले स्कूलों में मर्ज किया गया है किंतु युक्ति कारण के नाम पर शासन में बैठे अधिकारियों की मनमानी कह दे या बिना देखे कार्रवाई कह दे क्योंकि जिस स्कूल को मर्ज किया गया वह स्कूल एकदम ठीक है और जहां पर मर्ज किया गया है वह स्कूल अत्यंत जर्जर है। इससे साफ पता चलता है कि मर्ज के नाम पर एक दूसरे को शासन ने ओके कर दिया किंतु फील्ड स्तर पर किसी ने जाना उचित नहीं समझा, इसी का परिणाम है आज क्षेत्र के दो स्कूलों पर जिसे मर्ज बताया जा रहा है। वहीं पर स्कूल लग रहा है और जिस स्कूल का नाम चल रहा है वह अत्यंत जर्जर है इससे साफ पता चलता है कि स्थानीय अधिकारी युक्ति कारण के नाम पर क्या किए हैं? प्राथमिक शाला अमलीपारा में कक्षा पांचवी तक 22 छात्र है, यहां पर भवन संतोष प्रद में था जिसे शासन द्वारा युक्ति कारण में मर्ज करते हैं प्राथमिक शाला पटपर पाली में मर्ज कर दिया गया, यहां पर पूर्व से ही 50 बच्चे अध्यनरत थे उसे स्कूल पर पहुंचने पर पता चलता है कि यहां मुख्य भवन पहले से ही जर्जर है एवं यहां पांच कक्षा एवं कार्यालय पहले से ही अतिरिक्त कक्ष भवन में लग रहा है। जहां पर अब 50 और 22 लगभग 72 बच्चे एकत्रित कमरे में पढ़ने को मजबूर थे, कुछ दिन स्कूल लगने के पश्चात दोनों स्कूल के बच्चे पुनः अ मलीपारा स्कूल में पढ़ने के लिए आ गए हैं इससे पता चलता है कि शासन में बैठे हैं अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र में जाकर कार्य नहीं कर रहे हैं और शासन प्रशासन को गलत जानकारी दे रहे हैं इसका खामियाजा क्षेत्र की जनता भुगत रही है साथ-साथ क्षेत्र के ▶▶|शेष पेज 12 पर

# गाड़ी रायपुर में खड़ी और बिहार के बेगूसराय टोल में फास्टैग से कट गया पैसा, ऐसे कई मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गाड़ी घर पर खड़ी हो और सैकड़ों किमी दूर दूसरे राज्य के टोल नाके पर उसका टैक्स कट जाए तो हैरानी तो होगी ही, उससे ज्यादा परेशानी भी। परेशानी इसलिए कि इसका कोई समाधान सामने नहीं आ रहा है, ऐसे दर्जनों केस सामने आ चुके हैं, पर शिकायतों से आगे मामला आगे नहीं बड़ा। तकनीकी खामियां बताकर ऐसी अर्जियां डंप रही। सोमवार को भी ऐसा ही नवा रायपुर के एक किसान के साथ घटित हुआ है। किसान के घर की पार्किंग में खड़ी कार का बिहार, बेगूसराय स्थित गोविंदपुरा टोल प्लाजा में 60 रुपए टोल टैक्स कट गया। नवा रायपुर चेरिया के पूर्व सरपंच बल्ला तिवारी के अनुसार उनकी कार सीजी 04 डीजी 3700 का गोविंदपुर टोल प्लाजा में 60 रुपए टोल कटने का सोमवार तड़के साढ़े तीन बजे मैजेस आया। उनकी कार घर पर खड़ी है, रायपुर के अलावा किसी दूसरे शहर गई ही नहीं है। किसान ने सुबह मैसेज देखा, तो उन्हें लगा कि किसी ने उनकी कार चोरी कर ली। इसके बाद किसान ने घर के बाहर आकर देखा, तो कार घर के पास खड़ी मिली। बल्ला तिवारी का एचडीएफसी बैंक में फास्टैग बना है। टोल काटे जाने का मैसेज आने पर किसी अनहोनी की आशंका के कारण किसान ने संबंधित बैंक जाकर पतासाजी की। बैंक प्रबंधन ने रकम काटे जाने की पुष्टि की, लेकिन बैंक प्रबंधन यह बताने में असमर्थ रहा कि उनके वालेट से कैसे गोविंदपुरा टोल प्लाजा में पैसा कटा।

## टोल में झोल, खड़ी गाड़ियों का टैक्स कट रहा, न शिकायत हो पा रही, न समस्या का समाधान


अलग खबर

### इस वजह से हो रही गड़बड़ी

जानकारों के अनुसार टोल प्लाजा में गाड़ियों का नंबर रीड करने लगे कैमरे में तकनीकी खामी होने की वजह से किसी की जगह किसी दूसरे के फास्टैग वालेट से पैसा कट कट रहा है। इसके अलावा कई बार कैमरा नंबर रीड नहीं कर पाता, ऐसे में टोल प्लाजा में बैठा कर्मी मैन्यूअली नंबर एंट्री करता है। तब नंबर एंट्री करते समय गड़बड़ी होने पर किसी दूसरे के फास्टैग वालेट से पैसा कट जाता है।

### शिकायत से अफसर भी परेशान

परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आम लोगों के साथ कई अफसरों के पास फास्टैग वालेट से पैसे काटे जाने के मैसेज पूर्व में आ चुके हैं। कई ऐसे होते हैं, जो छोटी रकम होने की वजह से शिकायत तक दर्ज नहीं कराते। फाल्स तरीके से फास्टैग से पैसे काटे जाने से आम लोगों की जेबें कट रही हैं।




### रिफंड पाने के लिए यहां करें शिकायत

*फास्टैग वालेट से गलत तरीके पैसा कटने पर एनएचएआई का हेल्पलाइन नंबर 1033 या फाल्स डिडक्शन एट द रेट आईएचएमसीएल डॉट कॉम पर ईमेल करके तुरंत शिकायत करें, जिसमें ट्रांजेक्शन आईडी और गाड़ी के नंबर जैसी डिटेल्स दें, ताकि पैसा वापस मिल सके। गाड़ी मालिक अपने फास्टैग ऐप या बैंक पोर्टल पर गलत कटने वाले पैसे की तारीख, समय और अमाउंट नोट करके अपने पास सेव रखें। शिकायत दर्ज करने के बाद, गाड़ी मालिक को एक रेफरेंस नंबर मिलेगा। उसकी मदद से स्टेटस चेक करते रहें।*

## खबर संक्षेप

### बेलर में किसानों की बैठक, धान के लिए सिंचाई संकट पर चर्चा



**छुईहा बेलर।** स्थानीय बेलर बड़देबाबा परिसर में क्षेत्र के किसानों की मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्रीष्मकालीन धान फ़सल की बढ़ती पानी मांग और मौजूदा सिंचाई संकट पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में किसान बोडकी ,परमेश्वर सीता राम बेदराम बेलर, गणपत छबिराम साहू कमल रात्रेभोज पतोरी ,संतोष साहू खेलावन जगदीश भूषण बोधराम पतोरा, चंदर राम उदय कोमल परसादा, बालिक राम नारद फलेश्वरप्रतिनिधियों ,पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता किसान समिति के अध्यक्ष ने की। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकालीन धान की खेती पूरी तरह नहर सिंचाई पर निर्भर रहती है। इधर शासन ने फसल परिवर्तन पर जोर दे रही और किसानों के बीच इस संबंध में जागरूकता कर रही है।

### आयुष शिविर का 444 लोगों ने लाभ लिया



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 06 किमी दूर ग्राम पंचायत देहारगुड़ा में आज मंगलवार को द्वितीय विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन रंगमंच में किया गया। जिसके शिविर प्रभारी डॉक्टर सुमन बागची रहे , जिसमें लाभान्वितों की संख्या 444 रही है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच महेश दिवान उपस्थित रहे । उनके साथ उपसरपंच श्रीमति नीलकुवर बाई मरकाम ,ग्राम पटेल पवन दिवान मंडी अध्यक्ष यमराज ओटी ,वन अधिकार समिति अध्यक्ष बुधराम सांडे, शास पूर्व माध्य शाला देहारगुड़ा प्रधानपाठक चित्रसेन पटेल उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में रामप्रसाद, जुगलाल दीवान ग्राम पंच लीलाधर दीवान व कवली बाई उपस्थित रहे। शिविर का प्रारंभ भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना से किया गया। शिविर में लाभार्थियों की संख्या इस प्रकार रही होमियोपैथी 225 व आयुर्वेद 219। जिनके अंतर्गत छब्ब में 58 व डैक के अंतर्गत 46 लाभार्थी रहे। कार्यक्रम में डॉ. सुमन बागची, बालाराम ध्रुव उपस्थित रहे। शिविर के समापन में अतिथियों को आयुष विभाग की ओर से भेंट स्वरूप प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया व ग्राम पंचायत देहारगुड़ा की ओर से आयुष विभाग के समस्त सदस्यों को शॉल भेट किया गया।

### पीएम आवास को लेकर विपक्ष ने किया निगम का घेराव

**रायपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त में हो रही देर को लेकर सोमवार को निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी की अगवाई में कांग्रेसी नेताओं और हितग्राहियों ने निगम मुख्यालय का घेराव किया। जमकर नारेबाजी कर प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि जल्द उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस मौके पर चंगोराभाठा, सड्डू, फुंडहर, वीरभद्र नगर, राजेंद्र नगर, गुढ़ियारी, अमलीडीह सहित अन्य इलाकों से हितग्राही प्रदर्शन में शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने निगम को 800 हितग्राहियों की सूची सौंपते हुए उनके बकाया किस्त भुगतान जल्द कराने की मांग की है। महात्मा गांधी सदन के सामने प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त भुगतान में विलंब को लेकर हितग्राहियों ने प्रदर्शन किया।

**राहत : संपत्ति मूल्य निर्धारण में संतुलन, असमान दरों को सुधारकर नई दरें नियमित की गईं**

# जिले में संपत्तियों की नई गाइडलाइन दरें लागू सरलीकरण और विसंगतियां दूर करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला पंजीयक ने बताया कि कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक द्वारा छत्तीसगढ़ गाइडलाईन दरों का निर्धारण नियम 2000 के प्रावधानों के तहत उन जिला, जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त, स्थावर संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित गाइड लाइन दर वर्ष 2025-26 को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छ०ग० रायपुर द्वारा अनुमोदित किया गया।

20 नवम्बर 2025 से संपूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू की गई है। उन्होंने बताया कि जिला गरियाबंद के नगरीय क्षेत्रों में 7-8 वर्षों से गाइड लाइन दरो में वृद्धि नहीं किये जाने के कारण, संपत्तियों के वास्तविक मूल्य एवं गाइड लाईन दर असंतुलित हो गया। नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र के एक ही मार्ग दरों में असमानताए थी। उस से लगे हुए वार्ड के दरों में असमानता थी। जिसे संतुलित करते हुए सही किया गया गया है। नगरीय निकाय क्षेत्रों में एक ही मार्ग का दर अलग-अलग वार्डो में असमानता थी, बहुत सी अनुचित कंडिकाएं थी। जिसे विलोपित कर सही किया गया है। पूर्व में जिला गरियाबंद के नगरीय क्षेत्र नगर पालिका गरियाबंद, नगर पंचायत राजिम, छुरा फिंगेश्वर में कुल 60 वार्डों में 119 कंडिकायें थी। जिसे परिसीमन के आधार सरलीकरण करते 61 कंडिकाये बनायी गई है।

जिले के सभी वार्डो में मार्ग के पहचान को सही किया गया। हर वार्ड में एक ही मार्ग का अलग- अलग नाम होने से मार्ग को लेकर भ्रांतिया पैदा होती थी जैसे गरियाबंद नगर पालिका वार्ड क्रमांक 01 शिव मंदिर से पैरी नदी तक एवं अमित लॉज से हाईस्कूल तक इसे सुधार कर इस कंडिका का नाम राजिम गरियाबंद मुख्यमार्ग किया गया। उसी तरह नगर पंचायत छुरा में वार्ड क्रमांक 01 चमन वेडिंग से त्रिमुर्ति वेडिंग तक को सुधार कर राजिम फिंगेश्वर रोड से शिव चौक होते हुए तिलईदादर की ओर किया गया। उसी तरह नगर पंचायत राजिम में वार्ड 1 सुंदर लाल शर्मा चौक से रायपुर रोड पुल तक दोनो ओर को सुधार कर पेट्रोल पंप से रायपुर रोड पुल की दायी ओर किया गया। इसी तरह जिले के सभी वार्डों में मार्ग एवं कंडिकाओ को सही किया गया। जिससे कि संपत्ति एवं मार्ग दोनों का सही पहचान में आम जनता को आसानी हो सकें।

### स्टाम्प व पंजीयन शुल्क में भारी छूट



नगर पालिका गरियाबंद में वार्ड नं 01 साई मंदिर वार्ड के कंडिका क्रमांक 01 एवं 02 एवं वार्ड नं 02 का कंडिका क्रमांक 02 एक ही मार्ग है पर इनका मूख्य मार्गदर 5467,5090 (5500 माना गया) एवं अंदर का मूल्य 3631,3366 (4000 माना गया) को एक ही रोड मानकर मूल्य को रेशनलाईज कर के दर में मात्र 20 प्रतिशत का वृद्धि कर मुख्य मार्ग का मूल्य 6,600 रूपये प्रति वर्ग मी. एवं अंदर का मूल्य 4,800 रूपये किया गया है। इसी तरह जिले के सभी वार्डो में एक ही मार्ग के अलग-अलग दर एवं मार्ग के आमने सामने दरों को समान किया गया। गाईडलाईन में पूर्व में नगरीय क्षेत्र के कृषि भूमि, परिवर्तित भूमि एवं नजूल, आबादी भूमि के लिए अलग-अलग स्लेब दर था जिसे अब सभी प्रकार के भूमियों के लिए स्लेब दर एक ही कर दिया गया। जैसे पहले नगरीय (पालिका) क्षेत्र कि कृषि भूमि की गणना हेक्टेयर दर से कि जाती थी 0.15 हे. तक वर्गफिट के आधार से किया जाता था एवं उससे अधिक होने पर हेक्टेयर दर से किया जाता था परंतु परिवर्तित भूमि को वर्गफिट के आधार पर नगरीय (पालिका) क्षेत्रों में 0.405 तक वर्गफिट के आधार पर ही किया जाता था। जिसे अब कृषि एवं परिवर्तित दोनों के लिए समान 0.15 हेक्टेयर किया गया। जिससे आम जनता को सुधिवा एवं स्टाम्प व पंजीयन शुल्क में भारी छुट मिला। जिले में दो नये नगर पंचायत क्षेत्र देवभोग एवं कोपरा गाईड लाईन में शामिल किया गया। नवीन गाइडलाईन का उद्देश्य आम जनता को उनके संपत्ति का सही मूल्य एवं गाइड लाईन का सरलीकरण किया गया है। जिसे आम जनता असानी से समझ सके। जनता के हित के उद्येश्य में ही शासन के द्वारा इसे तैयार किया गया है।

# गौशाला समिति की बैठक, गौ संरक्षण और विकास पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला फिंगेश्वर की समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हाल ही में आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य गौशाला के विकास एवं गौ माता के संरक्षण के लिए चर्चा करना और भावी कार्ययोजना पर प्रस्ताव पारित करना था। बैठक में गौशाला के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर हरित, संरक्षक भागवत हरित, सचिव ओम प्रकाश साहू, नोस राम साहू, जगदीश साहू, अमृत यदु, रामू राम साहू, जागेश्वर साहू, गिरजा मारकम सहित समिति के सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान, उपस्थित सदस्यों ने गौ माता के संरक्षण के लिए तथा गौ ग्रास (गौ-भोज)के लिए अनुदान भी प्रदान किया। इस अवसर पर, श्री पंचकोशी धाम आदर्श गौशाला फिंगेश्वर समिति में नए सदस्यों को भी शामिल किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी एच एल साहू, एवं गिरिजा मारकम को समिति के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर हरित एवं पदाधिकारियों ने विधिवत सदस्यता ग्रहण कराई। नए सदस्यों ने अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया। सभी सदस्यों ने उम्मीद जताई कि नए सदस्यों के जुड़ने से गौशाला के विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

# छुईहा स्कूल की कबड्डी टीम और कोटेश्वरी साहू सांसद खेल महोत्सव महासमुंद के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर



प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'सांसद खेल महोत्सव' देशभर की खेल प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर बन गया है। युवा खेल मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित यह महोत्सव आधुनिक खेलों के साथ भारत की समृद्ध पारंपरिक खेल संस्कृति को भी बढ़ावा देता है। जिला प्रशासन द्वारा तैयार विस्तृत कार्ययोजना के तहत जिले के सभी विकासखंडों एवं विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिताएं सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। अब तीसरे चरण के लोकसभा स्तरीय आयोजन महासमुंद में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसी क्रम में हायर सेकंडरी स्कूल, छुईहा के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है पीटीआई शिक्षक वेदराम ध्रुव के मार्गदर्शन में, छात्रा रिया के नेतृत्व वाली कबड्डी टीम दौपती, भारती, खेमिन, टुकेश्वरी, दियांका, कुमकुम, खुशी, पायल और टीकेश्वरी ने विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अब यह टीम लोकसभा स्तरीय स्पर्धा में महासमुंद में भाग लेगी। विद्यालय की होनहार छात्रा कोटेश्वरी साहू ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। वह भी आगामी लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी।

**महोत्सव की व्यापकता-** इस महोत्सव में 15 से 29 वर्ष तक के युवाओं को शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसमें पारंपरिक खेलों रस्सी कूद, पिट्ठुल, गेड़ी दौड़ के साथ-साथ सामान्य खेलों जैसे फुटबॉल, बॉलीबॉल, रस्साकशी और कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है। महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए पृथक-पृथक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। सांसद खेल महोत्सव युवाओं की प्रतिभा, अनुशासन और राष्ट्रीय गर्व की नई ज्योति प्रज्वलित करने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। छुईहा से चयनित खिलाड़ी अब 25 दिसंबर 2025 के मध्य आयोजित होने वाली लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता, महासमुंद में हिस्सा लेंगे।

# पुण्यतिथि पर हरिहर सिंह ध्रुव को पूर्व विधायक ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजवादी नेता स्वर्गीय डॉ. हरिहर सिंह ध्रुव की 56वीं पुण्यतिथि उनके गृह ग्राम खट्टा में बीते 8 दिसंबर को अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा प्रमुख रूप से शामिल हुए और स्व. डॉ. ध्रुव को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. चोपड़ा ने स्व.डॉ. हरिहर सिंह ध्रुव को नमन करते हुए उनके द्वारा किए गए अमूल्य समाजसेवी कार्यों और निःस्वार्थ सेवा को याद किया। डॉ. चोपड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा डॉ. हरिहर सिंह ध्रुव का जीवन हमें प्रेरणा देता है कि कैसे एक व्यक्ति अपने ज्ञान और सेवाभाव से समाज में एक अमिट छाप छोड़ सकता है। एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने केवल रोगों का इलाज नहीं किया, बल्कि समाजवादी नेता के तौर पर गरीबों और वंचितों की आवाज़ बनकर उनके जीवन में आशा का संचार किया। उनका समर्पण और त्याग आज भी हमारे लिए जनसेवा का एक महत्वपूर्ण आदर्श है, जिसे



नई पीढ़ी को अपनाना चाहिए। स्व. ध्रुव के जीवन को याद करते हुए आगे कहा कि वह ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने पैसे से ज़्यादा मानवता को महत्व दिया। उन्होंने जीवनभर इस क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। हम सभी का कर्तव्य है कि हम उनके दिखाए सेवाभाव के मार्ग पर चलते रहें।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने डॉ. चोपड़ा को स्व.डॉ. हरिहर सिंह ध्रुव की स्मृति चिन्ह सम्मान स्वरूप भेंट किया। पुण्यतिथि समारोह में भाजपा झलप-पटेवा मंडल के महामंत्री सुनील पटेल, विकास अग्रवाल, खट्टा सरपंच राजकमल पटेल, पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया, बसंत दीवान, प्रदीप ध्रुव, वारेंद्र दीवान, विजय मढ़ीर, ललित दीवान, रामगोपाल चौहान, घनश्याम दीवान, प्रेम सिंह दीवान, हेमचन्द्र नायक, महेंद्र पटेल, रामचरण दीवान, राम भजन नायक, सुनील दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जिला साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण का फिंगेश्वर में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



गरियाबंद जिले में जिला साहू संघ का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें प्रवीण साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 3 वोटों से मात देकर जिला साहू संघ के अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की।

अपनी जीत के बाद, सोमवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण साहू और महिला उपाध्यक्ष पुष्पा साहू माँ मौली माता एवं फनीकेश्वर महादेव का आशीर्वाद लेने के लिए फिंगेश्वर नगर पहुँचे। फिंगेश्वर नगर साहू समाज के पदाधिकारी उमाशंकर साहू (अध्यक्ष), मुकेश साहू (उपाध्यक्ष), टिकेश साहू (सचिव), जामुन साहू (महिला उपाध्यक्ष), रेणु साहू, हुलस साहू, मोनू साहू, और चिमन साहू (कोषाध्यक्ष) के तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड पर गजमाला के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं महिला उपाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजिम तहसील अध्यक्ष जगदीश साहू, कौंदकेरा परिक्षेत्र अध्यक्ष युगल किशोर साहू, पूर्व तहसील सचिव सोमप्रकाश साहू, परिक्षेत्र सचिव दुष्यंत साहू, जिला साहू संघ संरक्षक कुंजन लाल साहू, न्याय प्रकोष्ठ राजिम



तहसील से कुंजबिहारी साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे। उपस्थित प्रमुख सामाजिक बंधुओं में रूपेश साहू, गोविंद साहू, वेदराम साहू, मिलाप साहू, बिरझू राम साहू, अमरलाल मंथिर साहू साहू, हीरामन साहू, बिसराम साहू, संजय साहू, ठाकुर राम साहू, कुमार साहू, भीखम साहू, तुलाराम साहू, राकेश साहू, फत्ते साहू, गँगा राम साहू, डहरु साहू, डगन साहू, जुगराम साहू, रेखा साहू, पवन साहू, घनश्याम साहू, सौरभ साहू, परस राम साहू, दुर्गेश साहू, कामता साहू, राकेश साहू रावड, नान्हू साहू, जगत साहू, लेखनी साहू, टेमेश्वरी साहू, ओमप्रकाश साहू, सजेश, कैलाश, विकास, विवेक, देवेंद्र, चतुर, तारण, कामतु, सुरेश, तोरण, ईश्वरी, परमेश्वर, अरुण, और शेखर साहू (संगठन सचिव तहसील फिंगेश्वर) शामिल थे।

## पेज 11 के शेष...

### ओड़िशा सीमा पर...

केंद्र चला जाएगा, नाके पर जांच कराने नहीं आएगा।

**कर्मचारियों की अनुपस्थितिः** सुबह 10:30 बजे नाके पर पहुंचने पर, वहां सिर्फ ग्राम पंचायत चरोदा के सचिव उपलब्ध थे। उन्होंने बताया कि अन्य कोई भी कर्मचारी वहाँ नहीं आता है। जबकि शासन द्वारा यहाँ सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक और पुनः सुबह 6:00 बजे तक लगभग 6 से 7 कर्मचारियों (जिसमें पंचायत सचिव, पटवारी, रोजगार सहायक, कोटवार) की ड्यूटी लगाई गई है। **वन विभाग का हालः** पता चला कि वन विभाग के कर्मचारी भी अपने नाके पर मौजूद नहीं हैं और किसी अन्य काम में लगे हुए हैं।

### हमारा पक्का घर...

आखिर बना कहाँ है और किसके नाम पर राशि जारी की गई?

हितग्राहियों ने आरोप लगाया कि जब यह क्षेत्र ग्राम पंचायत के अधीन था, तब कुछ लोगों ने नामें में गड़बड़ी कर राशि जारी करवा ली थी। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की गहन जांच कर दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर कार्रवाई की जाए।

### महानदी की सफाई...

रेत की जगह स्थिति दलदली जैसा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक लगभग 25 साल पहले तक यह क्षेत्र स्वच्छ और आकर्षक था। रेत सुनहरी चमकती थी, पानी बहता था, मछलियां मिलती थीं। लेकिन अब प्रदूषण, काई, झाड़ियां आदि के कारण वैसा नहीं रहा। पर्यटक, श्रद्धालु जो अस्थि-विसर्जन, स्नान या पूजा के लिए आते है, वे पानी गंदा, दलदली वाला पाते हैं। इसका मतलब राजिम क्षेत्र में जल-गुणवत्ता और नदी के संतुलन को लेकर चिंता है। बता दें कि कल विधायक रोहित साहू एक टीम के साथ जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, सभापति आकाश राजपूत, श्री राजीव मंदिर के सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर,नरोत्तम जुगु ठाकुर शामिल थे। इन्होने पैरी एवं महानदी क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया और देखा कि सचमुच में नदी की हालत बहुत ही खराब हो गई है। वे इस पर चिंता करते हुए फौरी तौर पर निर्णय लिया कि गणमान्य नागरिको एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियो की एक बैठक आहुत कर सभी की राय ली जाएगी और महानदी की सफाई के लिए सामूहिक रूप से कोई बड़ा निर्णय लिया जाएगा। उम्मीद की जा रही है कि विधायक श्री साहू द्वारा आयोजित बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी सहभागिता होगी और जीवनदायिनी महानदी की सफाई के लिए सारे लोग सामने आएंगे।

### छुरा में युक्तिकरण...

जनपद प्रति निधियों के भी छवि इसमें बिगड़ती है क्योंकि क्षेत्र के लोगों ने लगातार क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों के पास जाकर अमली पारा स्कूल को मर्ज नहीं करने के लिए सभी के पास आवेदन दिए कलेक्टर के पास गए किंतु किसी ने भी इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की और अब शासन अपनी गलती को छुपाते हुए स्कूल पुनः अमली पारा में लगाकर यह प्रमाणित कर दिया कि स्कूल अ मली पारा में ही संचालन किया जाना चाहिए इससे लगभग सभी लोग परेशान हुए हैं इसमें आखिर गलती किस की है और कार्यवाही किस पर होगी? **जिला कार्यालय की गलती है-** प्राथमिक शाला अमलीपारा पहुंचने पर प्रधान पाठक ने बताया कि प्राथमिक शाला पट पर पाली अत्यंत जर्जर है जहां पर स्कूल चलना संभव नहीं है और अब हम दोनों स्कूल का संचालक प्राथमिक शाला आमलीपारा में कर रहे हैं जहां पर शौचालय सहित अन्य समस्या है साथ ही साथ स्कूलों में अभी भी पटपर पाली का संचालन बताया जा रहा है जबकि स्कूल का संचालक प्राथमिक शाला आमलीपारा में हो रहा है। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एलमत वाले कहा कि यह सब जिला कार्यालय की गलती है कि अलग स्थान की जानकारी देने पर अलग स्थान का नाम स्कूल को मर्ज कर दिया गया है। अभी डिवाइस कोड का कार्य चल रहा है जिसमें दोनों स्कूलों को एक स्कूल में मर्ज किया जाएगा तब एक स्कूल के नाम पर संचालन होगा अब एक ही भवन के नीचे दो स्कूल का संचालन हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### नए प्राचार्य नरेश शर्मा ने पदभार ग्रहण किया

**राजिम।** शासकीय दैवीय संपद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में नए प्राचार्य नरेश शर्मा ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने गुलाल लगाकर गुलदस्ता देकर स्वागत किया। जिसमें विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डीआर ध्रुव सर, अध्यक्ष ईश्वर साहू, विधायक प्रतिनिधि लिकेश्वर साहू, भागवत साहू,राजेंद्र पाल, लालजी साहू शामिल थे।

### साहित्यकार गजानंद की पुण्यतिथि पर छुरा में श्रद्धा सुमन अर्पित

**छुरा।** अंचल के दिवंगत साहित्यकार गजानंद प्रसाद जी देवांगन की चौदहवीं पुण्यतिथि पर शासकीय गजानंद प्रसाद देवांगन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा में उनकी याद में कार्यक्रम रखा गया। सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान को स्मरण करते हुए संस्था



के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री देवांगन जी ने छुरा में अनेक मानक स्थापित किए हैं। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छुरा को आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला बनाने का श्रेय उन्ही को जाता है। अपनी मेहनत से उन्होने शाला का नाम रोशन किया है। इनके मार्गदर्शन और अगुवाई में पूरे प्रदेश में सबसे पहले स्कूल में योग की शिक्षा उन्नीस सौ तिहत्तर से इसी स्कूल में शुरू की गई थी। उन्नीस सौ अस्सी से स्काउटिंग की गतिविधि को स्कूल की अहम गतिविधि के रूप में शामिल करने वाले गुरूजी ने यहां के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर तक सम्मान दिलाया है। छुरा में धार्मिक गतिविधियों के सफल संचालक श्री देवांगन जी की छाप अंचल के सभी मानस मंडलियों में अभी तक देखी सुनी जाती है। अनुशासित जीवन जीने वाले देवांगन जी के साथ काम करने वाले शिक्षक आज भी अनुशासन में उन्हे अपना आदर्श मानते हैं। उनकी याद को जीवित रखते हुए प्रतिवर्ष धार्मिक और साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी उनकी याद में शिक्षक मानस परिवार छुरा और मानस मंडली हरदी ने भजन संध्या का आयोजन कर उनको श्रद्धांजलि दी है।

### टोकन को लेकर किसान सबसे ज्यादा परेशानः साहू

**नवापारा-राजिम।** जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू ने आरोप लगाते हुए कहा है कि टोकन को लेकर पूरे प्रदेश में किसान सबसे ज्यादा परेशान है। सरकार के पोर्टल सिस्टम में तय समय में टोकन स्लॉट खुल ही नहीं रहा है। किसानों को न तो ऑनलाइन टोकन



उपलब्ध हो पा रहा है और न ही ऑफलाइन। उपार्जन केंद्रों में किसानों की लंबी कतारें लग रही है लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के पास एंड्रॉयड फोन नहीं है और यहाँ तक कि कई गांवों में तो नेटवर्क भी नहीं आता है और जिसमें नेटवर्क आता है उसमें सरवर काम नहीं करता है। ऑफलाइन टोकन सिस्टम में छोटे किसानों की अनदेखी की जा रही है और बड़े एवं प्रभावशील किसानों का ऑफलाइन टोकन पहले काटा जा रहा है। टोकन व्यवस्था को लेकर किसान अत्यधिक परेशान एवं चिंतित है। श्री साहू ने कहा कि इसे लेकर प्रशासन के पास कोई जवाब नहीं है अब व्यवस्था और बदइंतजामी के चलते धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी लगभग 25 दिन बाद भी अव्यवस्थित बनी हुई है। धान खरीदी की रफ़्तार भी धीमी है ,बारदाना और परिवहन की सुविधा भी पर्याप्त नहीं है। श्री साहू ने बताया कि हर केंद्र में आधा एक किलो धान की अधिक तोलाई की शिकायत हर संग्रहण केंद्र से आ रही है।

## मौसम : हड्डी कपा देने वाली ठंड का कहर, जगह-जगह जल रहे अलाव

# मैनपुर में कड़ाके की ठंड का कहर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के वनांचल मैनपुर क्षेत्र के ग्रामों में इन दिनों हड्डी कपा देने वाली ठंड का कहर जारी है खासकर छत्तीसगढ़ में कश्मीर के नाम से मशहूर मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी के ऊपर बसें आमामोरा, ताराझर, ओढ़, भालूडिग्गी, माटल, कुर्वापानी जैसे ग्रामों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है सुबह क्षेत्र का नजारा बदला नजर आता है घास पुलाव के ढेर में बर्फ की पतली चादर बिछी नजर आ रही है और तो और पैरावट के ऊपर सुबह बर्फ की सफेद चादर दिखाई दे रहा है घरों के बाहर रखे बर्तनों में बर्फ के डल्ले जैसे जमे नजर आ रहे हैं मौसम पूरी तरह साफ हो जाने के कारण पहाड़ी गांव में हड्डीकपा देने वाली ठंड से दिनचर्या बदल गई है भारी ठंड से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है बीते कुछ दिनों पूर्व क्षेत्र में मौसम खराब होने से ठंड गायब हो गई थी अब मौसम साफ होने के बाद कड़ाके की ठंड चालू हो गया है अलसुबह क्षेत्र के गांव पैरावट, पेड़ों के पत्ते में बर्फ की चादर दिखाई दे रहा है सुबह से शाम तक लोग गर्म कपड़े पहने नजर आ रहे हैं पूरा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में है। मैनपुर वनांचल क्षेत्र में ठंड अपने चरम पर पहुंच रही है लगातार तापमान की डिग्री गिर रहा है सुबह होते ही जमीन और खेतो पैरावटो में पाला दिखाई देने लगी है इस बार लंबी ठंड अवधि पड़ने की संभावना है आने वाले दिनो में और भी तापमान में गिरावट जारी रहने की उम्मीद है। पहाड़ी इलाको को शाम 4 बजे से ही ठंड से कंपकंपी छुटनी शुरू हो जा रही है तो वही घर के सामने अलाव जलाते नजर आ रहे है। छत्तीसगढ़ में मिनी क"मीर के नाम से मशहूर ओड़ आमामोरा तक इन दिनो बड़ी संख्या में बड़े शहरो से पर्यटक भी पहुंच रहे है और यहां ठंड के दिनो में पर्यटक भारी संख्या में पहुंचते है यहां रेस्ट हाउस में पर्यटको के रूकने की व्यवस्था है।

**सर्दी, खांसी, बुखार के मरीज बढ़े-** लगातार ठंड के चलते मौसमी बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है लोग इन दिनों सर्दी खांसी बुखार की चपेट में आ रहे हैं। अचानक ठंड में एकाएक बढ़ोतरी होने से शाम 7 बजे के बाद मैनपुर तहसील मुख्यालय जैसे नगर में सन्नाटा पसर रहा है सबसे ज्यादा परेशान ग्रामीण क्षेत्र के लोगों हो रहे हैं तो वहीं सुबह भारी कोहरे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर वनांचल घने जंगल क्षेत्र कोहरे से ढक के होने के कारण सुबह दुर्घटना के अंदेशा बढ़ गई है।

**तापमान की नहीं मिल पाती सही जानकारी-** इन दिनों लगातार तापमान तेजी से गिर रहा है भारी ठंड के कारण लोगों का सुबह और शाम को घर से बहर निकलना दूभर हो गया है। अचानक ठंड बढ़ जाती है जिसके कारण लोग असमंजस में रहते हैं लोगों का कहना है अनुविभाग कार्यालय होने के बावजूद मैनपुर क्षेत्र में अब तक तापमान केंद्र नहीं बन पाया है जिससे लोगों को तापमान के बारे में सही सही जानकारी मिल सके।

### घास पर बिछी बर्फ की पतली चादर





### दिनभर चली बर्फीली हवाएं, अचानक बढ़ी ठंड से जनजीवन प्रभावित



**राजिम।** मंगलवार को पूरे दिन राजिम क्षेत्र तीखी ठंड की चपेट में रहा। सामान्य दिनों की तरह धूप खिलने की उम्मीद में लोग सुबह से ही अपने कामों पर निकले, लेकिन दोपहर होते होते मौसम का रुख अचानक बदल गया। तेज रफ्तार से चलने लगी बफीर्ली हवाओं ने दिन में ही शीत लहर जैसा माहौल बना दिया। लगातार चल रहे ठंडी हवाओं के झोंकों ने लोगों को कंपकंपी महसूस करा दी। बाजार क्षेत्रों में सामान्य दिनों के मुकाबले भीड़ कम दिखाई दी। कई लोगों को अचानक पनपी ठंड से बचने के लिए दुकानों, चाय ठेला या किसी आश्रय पर रुककर राहत लेते देखा गया। स्कूली बच्चों और राहगीरों को तेज हवा का सामना करते हुए काफी परेशानी हुई। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर से आ रही ठंडी हवाएँ आने वाले एक-दो दिनों तक तापमान में और गिरावट ला सकती हैं। इससे रात के समय ठंड का प्रकोप और बढ़ने की संभावना जताई गई है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सुबह शाम बाहर निकलते समय गर्म कपड़े पहनने, ठंडी हवाओं से बचने और बच्चों बुजुर्गों की विशेष देखभाल करने की सलाह दी है। अचानक आई इस शीतलहर ने एक बार फिर लोगों को सर्दी के कड़कड़ाते मौसम का अहसास करा दिया है। शीतलहर को देखते हुए अधिकतर लोग मंगलवार को अपने रूटीन के कार्यक्रम को बदलकर घर में ही सुरक्षित रहना उचित समझा। बहरहाल दिन में ठंडी हवाओं के झोंको को देखते हुए लोग स्वेटर और शॉल पहनकर घर में ही रहे। दिन में भी कंबल और रजाई ओढ़कर समय काटा।



## समर्थन मूल्य में धान बेचनेवाले किसान हो रहे परेशान : टीकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जौंदी के किसान भाजपा नेता टीकम चंद साहू ने कहा है कि सरकार के द्वारा अभी समर्थन मूल्य में धान खरीदी के चलते परेशान नजर आ रहे हैं। चूंकि राज्य के विष्णुदेव सरकार के द्वारा किसानों के हित में तूंहर टोकन एप लांच कर किसानों के हाथ में दिया गया है जिसके चलते रोज सुबह 8 बजे सोमवार से शुक्रवार तक किसान परेशान हैं। सुबह 8 बजे से किसान अपने मोबाइल खोलकर डटे रहते हैं जबकि नब्बे फीसदी किसान मोबाइल प्रक्रिया से अनजान हैं। उपर से खरीदी की लिमिट कम कर देने से 5 से 10 मिनट में ही आनलाइन कोटा समाप्त हो जाता था। 70 प्रतिशत आनलाइन किसानों को, जबकि 30 प्रतिशत आफलाईन सोसायटी को दिया गया है। किन्तु आज से धान खरीदी में राज्य सरकार के आदेश उपरान्त लिमिट बढ़ा दी गई है और जहां कल तक धान खरीदी केंद्र में 800 किंवटल खरीदी होती थी आज से 1300 किंवटल खरीदी की जाएगी। जिससे किसानों को सहुलियत होगी। श्री साहू ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और राज्य के विष्णुदेव सरकार किसानों को हाईटेक बनाना चाहती है और प्रत्येक फैसला किसानों के हित में लेती है।

## आवारा कुत्तों का हो रहा वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी "आवारा पशुओं के स्वास्थ्य एवं रेबीज नियंत्रण योजना" के तहत फिंगेश्वर नगर पंचायत ने शहर भर में फैले आवारा कुत्तों का एंटी–रेबीज वैक्सीनेशन अभियान सफलतापूर्वक किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में बनी



टीम ने बस स्टैंड, मुख्य बाजार, प्रमुख चौक, मंदिर परिसर और स्कूल-कॉलेज में जाकर कुत्तों को सुरक्षित पकड़ा और उन्हें एंटी-रेबीज वैक्सीन (एआवी) लगाई। हर टीकाकृत कुत्ते की पहचान के लिए ईयर-नॉचिंग का विशेष निशान भी लगाया गया था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कहना है, कि हमारा लक्ष्य फिंगेश्वर को रेबीज–मुक्त क्षेत्र बनाने का है। इस अभियान में नागरिक सुरक्षा और पशु-कल्याण दोनों को प्राथमिकता दी गई है। पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि, लगाई गई वैक्सीन एक वर्ष तक सुरक्षा प्रदान करती है। नगर पंचायत ने आगे की महत्वपूर्ण योजना भी घोषित की है,जनवरी 2026 से शहर में आवारा कुत्तों की नसबंदी का व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा, ताकि कुत्तों की अनियंत्रित संख्या पर नियंत्रण लाया जा सके। फिंगेश्वर में चलाए गए इस अभियान को नागरिकों ने अपना सहारा दिया, क्योंकि इससे शहर में रेबीज के खतरे को कम करने में मदद मिलेगी।

## भाषा और विचारों के बीच होता है एक गहरा संबंध : पूरन लाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती 11 दिसंबर 2025 को मनाया जाना है इस वर्ष का विषय भाषाएं अनेक, भाव एक भारत की विशाल और विविध भाषाई विरासत को एक सूत्र में पिरोने वाली एकता और साझा संस्कृति पहचान की भावना को समाहित करना है। यह उत्सव महाकवि भारती की चिरस्थायी विरासत को एक श्रद्धांजलि है और इसका उद्देश्य राष्ट्र की सांस्कृतिक ताने-बाने को समृद्ध करने वाली भाषाई विविधता को बढ़ावा देना और उसका सम्मान करना है। इसी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में भाषा उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता पूरन लाल साहू ने कहा कि भाषा विचारों को अभिव्यक्त करती है। भाषा विविधता को बढ़ावा देने और उसमें एकता को महसूस करने के लिए मनाया जाने वाला एक कार्यक्रम है। भाषा का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और बहुभाषीय शिक्षा को बढ़ावा देना है। भारतीय भाषाओं के माध्यम से एकता और संस्कृति को सुरक्षित करने का प्रयास करती है जिससे बच्चों में भारतीय भाषाओं में उपलब्ध समृद्ध साहित्य के प्रति आदर और प्रेम विकसित करना होता है। भाषा और विचारों के बीच एक गहरा संबंध होता है। जब हम किसी भाषा में सोचते हैं तो भाषा हमें वह शब्द उपलब्ध कराती है जिनसे हमारे विचारों को सही तरीके से व्यक्त किया जा सकता है। भाषा ही सोचने और समझने की प्रक्रिया को संभव बनाती है जिससे व्यक्ति वर्तमान के अलावा अतीत और भविष्य के बारे में भी सोच पाता है। इस अवसर पर व्याख्याता पूरन लाल साहू, दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क तोमन साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## जिले में कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए 31 दिसंबर तक चलेगा कुष्ठ खोज अभियान

गरियाबंद। जिले के सभी विकासखण्डों में 08 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक सघन कुष्ठ अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिले के कुष्ठ नोडल अधिकरी डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े ने इस अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए बताए कि ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिनों और ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के द्वारा घर-घर भ्रमण कर कुष्ठ कें संभावित मरीजों की पहचान कर उसकी जांच एवं पुष्टी की जायेगी एवं धनात्मक रोगियों का उपचार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुष्ठ के प्रसार को रोकने के लिए यह आवश्यक है कि प्रारंभिक अवस्था में ही रोगी की पहचान हो जाने से उसका पूर्ण उपचार कर विकृति से बचाया जा सकता है। कुष्ठ सर्वे अभियान के सफल संचालन एवं सत्त निगरानी के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस सघन कृष्ठ खोज अभियान में कुष्ठ रोग की पहचान त्वचा की संवेदना जांच कर रोग की पहचान की जायेगी। कुष्ठ की शंका तब की जाने चाहिए जब शरीर के त्वचा में कोई भी दाग या धब्बा जिसमें सुन्नपन हो त्वचा का रंग उस जगह मे तेलिया एवं तांबिया हो या तेलिया चमकदार चेहरा, त्वचा में गठाने एवं मोटापन तथा आंख की पलकों का सामान्य रूप से बंद ना होना, हांथों एव पैरों के तलवों पर सुन्नपन का अभास होना, ठण्ड एवं गर्म चीजों को छुने पर अहसास ना होना आदि कुष्ठ के संभावित लक्षण है।

## जिले के 34 स्काउट गाइड का दल पचमढ़ी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव जितेंद्र साहू के निर्देशानुसार दिनांक 08 से 12 दिसंबर तक पचमढ़ी में आयोजित आपदा प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास,पर्वतारोहण शिविर पचमढ़ी में सम्मिलित होने हेतु जिला गरियाबंद से जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर एवं जिला सचिव रोमन साहू के मार्गदर्शन में एवं डीओ सी स्काउट आशीष कुमार एवं डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में जिला गरियाबंद का प्रतिनिधित्व करते हुवे फिंगेश्वर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसदकला, किरवई, कौन्दकेरा, रावड़, पसौद के 34 स्काउट गाइड दल प्रभारी स्काउटर दुष्यंत वर्मा एवं गाइडर जुली क्रस्टीना के साथ रवाना हुए। उक्त पांच दिवसीय शिविर में प्रतिभागी विभिन्न एडवेंचर एक्टिविटी में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पूर्व आयुक्त भारत स्काउटस एवं गाइड्स जिला संघ डॉ. रामकुमार साहू एवं अध्यक्ष देवकी साहू शाला विकास एवं प्रबंधन समिति शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संबोधित कर दल को रवाना किया। जिला टेक्निकल प्रभारी चैतन्य कुमार यदु, स्काउटर नागेशराम साहू, संतलाल भारती, गंगा साहू उपस्थित थें। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

## ग्रीष्मकालीन धान के लिए नहीं मिलेगा जलाशयों से पानी

# जिले में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान नहीं, कम पानी वाली फसलें लें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

कलेक्टर बीएस उइके ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी नागरिकों एवं कृषक भाइयों-बहनों से पेयजल संरक्षण तथा जल के समुचित उपयोग के लिए अपील की है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में भू-जल स्तर स्वाभाविक रूप से नीचे चला जाता है, जिसके कारण पेयजल उपलब्धता पर दबाव बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह जल का समुचित उपयोग करें और अनावश्यक जल की बर्बादी से बचे। कलेक्टर श्री उइके ने कृषकों से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि जिले में इस वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की फसल के लिए जलाशयों से सिंचाई हेतु पानी की आपूर्ति उपलब्ध नहीं कराई जाएगी। इसलिए किसान अत्यधिक जल उपयोग वाली धान की फसल लेने से परहेज़ करें। उन्होंने कहा कि धान की खेती में अत्यधिक मात्रा में पानी लगता है, जिसके कारण गर्मी के समय जलसंकट और अधिक गंभीर रूप से बढ़ सकता है। फसलों से बढ़ेगी आय, बचेगा पानी उन्होंने किसानों को सलाह दी कि इस वर्ष धान की जगह कम जल उपयोग वाली फसलें जैसे तिल, मूंग, उड़द, मसूर, अरहर, कोदो-कुटकी, मक्का आदि वैकल्पिक फसलें अपनाएं। ये



फसलें न केवल जल संरक्षण में सहायक होंगी बल्कि किसानों को बेहतर नगदी आय का अवसर भी प्रदान करेंगी।

**जलस्रोतों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करें-** उन्होंने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा नगदी, दलहनी एवं तिलहनी फसलों के प्रचार-प्रसार, गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्धता और तकनीकी मार्गदर्शन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। किसान इन वैकल्पिक फसलों की ओर बढ़ते हैं, तो न केवल जल व्यय कम होगा, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी संरक्षित रहेगी और किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक प्रयास तभी सफल होंगे जब नागरिक स्वयं जल संरक्षण की आदत को अपनाएं। और किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक प्रयास तभी सफल होंगे जब नागरिक स्वयं जल संरक्षण की आदत को अपनाएं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि जलस्त्रोतों का सतर्कतापूर्वक उपयोग करें, नलों और पाइपों से पानी की रिसाव रोकें, घरों में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था विकसित करें, और समुदाय के स्तर पर जल संरक्षण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि जल बचाना सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का संकल्प है। कलेक्टर ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, किसान भाइयों तथा जिलेवासियों से पूर्ण सहयोग करने की अपील की।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.)**
Email Id- sdmrajim2018@gmail.com

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र. ........ /अ-2 वर्ष 2025-26
ग्राम- राजिम, प.ह.नं. 25
**तहसील राजिम**
**दिनांक 08.12.2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गौरीबाई सोनकर पति श्री हीरालाल सोनकर, निवासी- राजिम, तहसील - राजिम, जिला - गरियाबंद द्वारा ग्राम - राजिम, तहसील - राजिम, जिला - गरियाबंद स्थित भूमि खसरा नंबर 369/2 कुल रकबा 0.036 हे. में से 0.012 हे. भूमि को वाणिज्यिक तथा शेष 0.024 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में पुनः निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को वाणिज्यिक एवं आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण किये जाने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति / दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक से 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से आज दिनांक 08/12/2025 को जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राजिम**

## खबर संक्षेप



### यादव समाज के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री गजेन्द्र से की मुलाकात

**मैनपुर।** मैनपुर यादव समाज का एक प्रतिनिधि मंडल राजधानी रायपुर स्थित मंत्री बंगला में पहुंचकर छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव से मुलाकात कर उन्हे साल श्रीफल भेट किया और मैनपुर में आयोजित कार्यक्रम में उनके द्वारा किए गए घोषणा और सहयोग के लिए पूरा यादव के द्वारा आभार व्यक्त किया तथा समाज के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान प्रमुख रूप से सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गेंदु यादव, सुखराम यादव, दयाराम यादव, सुकदेव यादव, शांतु यादव, रामलाल यादव, महेश यादव, पीलाराम यादव, सरजुराम यादव, श्यामलाल यादव व बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### कोपरा नगर साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ का विस्तार, राजू बने उपाध्यक्ष

**कोपरा।** नगर साहू समाज संघ कोपरा के युवा प्रकोष्ठ का विस्तार किया गया। इस अवसर पर नगर साहू संघ के अध्यक्ष यशवंत साहू ने सर्वसम्मति से राजू साहू को



उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। यह जिम्मेदारी वरिष्ठ समाजसेवी और पदाधिकारियों की अनुशंसा पर सौंपी गई। सभी ने नव नियुक्त उपाध्यक्ष में विश्वास जताते हुए कहा कि यह निर्णय युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने में अहम कदम हैं।नियुक्ति के बाद उपस्थित पदाधिकारियों ने राजू साहू को शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाते हुए समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में समाज की युवा शक्ति को संगठित करने और विकास की दिशा में कार्यरत रहने का संकल्प भी दोहराया गया। इस अवसर पर शशिकला साहू,अश्वनी साहू,नोखेलाल साहू, राजेश साहू, रवि साहू, शेष नारायण साहू, कमल साहू सहित सामाजिक बंधू गण एवम सर्वसमाज के लोगों ने भी बधाई दी हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य को लेकर दी गई जानकारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बेमचा में श्याम बालाजी कॉलेज द्वारा एनसीसी कैंप में बीएड के छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम के विषय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों एवं कॉलेज के अध्यापक को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या के रोकथाम के विषय में विस्तार से चर्चा की गई। नशा से दूर रहने की बात बताई गई। टेली मानस सेवा हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 14416 की जानकारी भी दी गई। जिसमें जिला हॉस्पिटल से डीएमएचपी की टीम से रामगोपाल खूंटे साईकियाट्रिक सोशल वर्कर द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम में गहन प्रकाश और खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर द्वारा तनाव प्रबंधन की जानकारी दी।

**कार्रवाई : प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान बेचने की बनाई थी योजना**

# धान का अंतर राज्यीय अवैध परिवहन ट्रक में भरा 500 कट्टा धान पकड़ाया







हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में धान खरीदी सीजन के दौरान पुलिस ने अवैध धान परिवहन के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को थाना देवभोग की टीम ने उरमाल के पास उड़ीसा से आ रहे एक ट्रक को रोका, जिसमें 500 कट्टा (200 क्विंटल) अवैध धान लोड था। पुलिस को संदेह था कि इस धान को अवैध रूप से छत्तीसगढ़ के अंदर खपाने की कोशिश की जा रही थी। प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं, जिसके तहत केवल पंजीकृत किसानों से ही निर्धारित केंद्रों पर खरीदी की जा सकती है। इसके विपरीत किसी भी तरह का अवैध परिवहन या भंडारण कानून का उल्लंघन माना जाता है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर, देवभोग थाना की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। उरमाल के पास संदिग्ध ट्रक सीजी 04 एसएच 9374 को रोका गया। वाहन चालक से धान परिवहन से जुड़े दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सका। दस्तावेजों की अनुपस्थिति और परिस्थितियों को देखते हुए, यह साफ था कि धान को उड़ीसा से लाकर छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर बेचने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने मौके पर ही 500 कट्टा (200 क्विंटल) धान जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 6 लाख 20 हजार रुपए है। ट्रक सहित धान को जब्त कर लिया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

**एक माह में 37 लाख से अधिक का धान जब्त**

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दीगर राज्य से आने वाले धान के परिवहन की रोकथाम के लिए बॉर्डर के चेक पोस्ट पर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, जिसके परिणामस्वरूप लगातार सफलता मिल रही है। थाना देवभोग एवं थाना अमलीदर द्वारा विगत एक माह से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध धान परिवहन और बिक्री के कुल 30 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि धान की अवैध बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी, ताकि राज्य में अवैध धान का प्रवाह कम किया जा सके।

## एसआईआर को लेकर गांव में हो रही भाजपा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

एसआईआर को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू विभिन्न गांवों में पहुंचकर बूथ अध्यक्ष बूथ समिति एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर छूटे मतदाताओं को जोड़ने की बात कह रहे है। एक विज्ञप्ति में बताया कि मंडल शक्तिकेंद्र के बासीन के पांचो बूथों 76,77,78,79,80 में संयुक्त बैठक कर ग्रामीण एवं मतदाताओं से एसआईआर संबंधी जानकारी दी। बताया कि 11 दिसंबर आखिरी तारीख तक हर हाल में मतदाता सूची गहन पुनिरीक्षण एसआईआर गणना प्रपत्र को जमा करना अनिवार्य है इसके बाद 16 दिसंबर को पहले ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। ड्राफ्ट सूची में जिन मतदाताओं का नाम नहीं मिलेगा उसके लिए अगले की प्रक्रिया लंबी जटिल और समय लेने वाली होगी। इस अभियान के दौरान मृत हो गए मतदाता का नाम कटाने एवं नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, छूटे नाम पुनः शामिल कराए जा सकते हैं। त्रुटि नाम को सुधार कराया जा सकता है। बैठक में मंडल महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, मंत्री लोकेश सोनी, न.प सभापति आकाश राजपूत, सौरभ महोबिया, शक्ति केंद्र प्रभारी ओमप्रकाश रात्रे, संयोजक कल्याण ध्रुव, सहकारी समिति अध्यक्ष गोपचंद बनर्जी, बूथ अध्यक्ष दिनेश साहू, तुलु राम साहू, डुमेश्वर प्रजापति, मेघनाथ कुर्रे, पालेश्वर साहू, कुंदन सेन, पलटन साहू, नवीन गुप्ता, दिनेश साहू, निक्की सोनी, घासीराम साहू, उमाशंकर साहू, अशोक साहू, समय निर्मलकर, दशरथ निर्मलकर, युवराज साहू, गोपी पटेल, राकेश पटेल, मोनू साहू, दिनेश प्रजापति, भोलाराम, प्रकाश टोंडरे,पप्पू साहू, सेवक बंजारे, गौरव साहू, सोनू साहू मौजूद थे।

## पीएमश्री स्कूलों के 151 शिक्षकों ने आईआईटी जम्मू में लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पीएमश्री स्कूलों में अध्यापन कार्य कर रहे विज्ञान एवं गणित शिक्षकों के क्षमता विकास एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार प्रदेश के 151 शिक्षकों ने आईआईटी जम्मू में पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। विदित हो कि भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री स्कूल का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी रूप से लागू करना तथा देशभर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। पीएमश्री स्कूलों को ऐसे मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है जहाँ डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, अत्याधुनिक लैब्स, ग्रीन स्कूल, खेल एवं कौशल शिक्षा जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। समग्र शिक्षा का लक्ष्य बच्चों का ज्ञान, कौशल, चरित्र एवं



मूल्य आधारित विकास करना है, जिससे परीक्षा आधारित सीखने के स्थान पर प्रयोगात्मक एवं व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा मिल सके। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी सभी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को भी उत्कृष्ट स्कूलिंग वातावरण प्रदान करना इस योजना का प्रमुख उद्देश्य है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पीएमश्री स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। इसी क्रम में रायपुर जिले के 12 पीएमश्री स्कूलों के शिक्षकों सहित प्रदेश के कुल 151 शिक्षकों का चयन आईआईटी जम्मू में आयोजित प्रशिक्षण हेतु किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब संचालन, थ्री-डी प्रिंटर, गूगल क्लासरूम, साइबर सिक्योरिटी, साइकोलॉजिकल इंपैक्ट, ड्रोन टेक्नोलॉजी तथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म आधारित उन्नत कक्षा संचालन के तरीके सिखाए गए। साथ ही आईआईटी की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन भी कराया गया। रायपुर जिले से जिन शिक्षकों का चयन हुआ उनमें चन्द्रकांत धनकर, हेमन्त कुमार साहू, कल्पना दास, प्रकाशचंद साहू, अजीत रजक, गोमेन्द्र ठाकुर, प्रतीक यादव, भूमिका कश्यप, नंदिनी बिसेन, पिंकी यादव एवं वाइ. वी. लता शामिल हैं। ये सभी शिक्षक नवापारा ,अभनपुर, खोरपा, माना कैंप, नेवरा, बिरगांव, अरुंधती, आरंग, चंदखुरी, सारागांव, कुंरा एवं आरडी तिवारी स्कूल में विज्ञान और गणित विषय में कार्यरत हैं।

## प्रशिक्षण पूरा कर अग्निवीर किशोर कुमार लौटे गृहग्राम, रवेली में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के छुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत जरगांव के आश्रित ग्राम रवेली में रविवार को उत्साह और गर्व का माहौल रहा। गांव के होनहार युवक किशोर कुमार यादव, सात महीने की कठिन प्रशिक्षण अवधि पूरी कर अपने घर लौटे। अग्निवीर में चयन के बाद उनका प्रशिक्षण सेंटर एएससी नार्थ बैंगलोर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण पश्चात किशोर कुमार यादव के प्रथम आगमन पर, उनके स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा। पूरे गांव में जुलूस निकाला गया और जगह-जगह पर फूलों की हार पहनाकर और टीका लगाकर उनका भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। किशोर कुमार यादव में देश सेवा का जुनून बचपन से ही था। उनकी बचपन से ही रही मेहनत और लगन को ग्रामीणों ने



सराहा। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता को दिया। गांव के लिए वह एक प्रेरणादायक युवा अग्निवीर बन गए हैं, जिनका स्वागत और अभिनंदन गांव के युवाओं ने जोर-शोर से किया।

**सपरिवार और सामाजिक अभिनंदन-** अग्निवीर किशोर कुमार यादव का उनके माता-पिता निर्मल यादव और नंदनी यादव, दादा-दादी पंचराम यादव और पार्वती यादव सहित सीता राम, सुमीत्रा, रूखमणी, लक्ष्मी, नरेश, डेश्वरी, टीकम, कुमारी, हेमंत, तेजेश्वरी, धनेश्वर, टिकेश्वरी, भूपेन्द्र, कलाबाई, थनवारीन, डोमेश्वर, पूनम, तिलक, भूमिका, खेमन, रेशमा, ईशांत, जागेश्वर, और विनीता ने टीका और फूलों की हार से स्वागत किया। इसके अलावा, सरपंच रूपवु राम ध्रुव, उपसरपंच टिकेन्द्र साहू, प्रेमनारायण ध्रुव, लोकनाथ साहू, पुनीत राम ठाकुर, शीतल ध्रुव समाजसेवी, कन्हैयालाल यादव, धनी राम साहू, भुनेश्वर यादव, हरिराम, घनश्याम साहू, हरि राम साहू, कल्याण सिंह ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, नोहर राम, रामाधार यादव, शोभाराम ध्रुव, बिसहत राम साहू, घासीराम ध्रुव, पवन साहू, रविशंकर साहू, कमलनारायण ध्रुव, दौलत ध्रुव, भगवान ध्रुव, डोमार साहू, माधव ध्रुव, सहित समस्त ग्रामवासियों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

## कोसरिया मरार समाज के जिलाध्यक्ष बने विष्णु पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

कोसरिया मरार (पटेल) समाज जिला -गरियाबंद के अध्यक्ष का चुनाव जिला मुख्यालय मजरकटा (गरियाबंद) में छग.प्रदेश पर्यवेक्षक एवं पीठासीन अधिकारी फिरंगी राम पटेल के मार्गदर्शन में तीनों राज अध्यक्ष तेजराम पटेल राजिम-राज, भागीरथी पटेल मैनपुर-भांठीगढ़ राज,अनूप पटेल कांदाडोंगर राज, वर्तमान अध्यक्ष सोमनाथ पटेल एवं तीनों राज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद चुनाव हेतु तीन प्रत्याशियों ने नामांकन भरा, जिसमें विष्णुराम पटेल सढ़ौली, बसंत पटेल कोपरा एवं हरिश पटेल पाण्डुका मुख्य रूप से उम्मीदवार थे। नांमाकन पश्चात हरिश पटेल के नाम वापस लिए जाने के बाद सीधा मुकाबला विष्णुराम पटेल एवं बसंत पटेल के बीच था। जिला गरियाबंद अध्यक्ष चुनाव हेतु तीनों राज से 06-06 मतदाता कुल-18 मतदाता को मताधिकार का अधिकार दिया गया था। कड़ा मुकाबला में विष्णुराम पटेल को 08 व बसंत पटेल को 07 मत प्राप्त हुए।03 मतदाताओं ने मतदान में भाग नहीं लिया।इस प्रकार विष्णुराम पटेल को 01मत से विजयी घोषित किया गया। नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज अध्यक्ष



तेजराम पटेल द्वारा बधाई संदेश देते हुए कहा कि समाज के सभी लोगों को साथ लेकर जिला के समुचित विकास एवं संगठन को सुदृढ़ करने के लिए कहां साथ ही प्रदेश के विभिन्न कार्यों को राज अध्यक्षों के द्वारा जमीनी स्तर पर कार्य करने का मार्गदर्शन किया। वर्तमान जिलाध्यक्ष सोमनाथ पटेल द्वारा भी नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष विष्णुराम पटेल को बधाई देते हुए सभी को साथ लेकर चलने एवं जिला के संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उक्त अवसर पर डेहर लाल पटेल प्रदेश कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष,सुखराम पटेल, विनोद पटेल, जीवन पटेल संरक्षक राजिम-राज, नारायण पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सलाहकार राजिम-राज, नारायण पटेल सचिव राजिम-राज, कैलाश पटेल कोषाध्यक्ष राजिम-राज, गनपत पटेल उपाध्यक्ष राजिम-राज,बेदराम पटेल अंकेक्षक राजिम राज एवं अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला -गरियाबंद, हेमलाल पटेल संचालक राजिम-राज, भीखम पटेल सह-सचिव राजिम-राज,कृष्ण कुमार पटेल अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजिम-राज, इंदु पटेल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ राजिम-राज, लक्ष्मीनारायण पटेल जोनप्रभारी राजिम, प्रहलाद पटेल जोन प्रभारी गरियाबंद,भूखन पटेल कार्यालय प्रभारी राजिम-राज उपस्थित थे।

## मैनपुर में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे से देर शाम मैनपुर पहुंचे पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी नेहरू निषाद का मैनपुर में भाजपा मंडल द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर भी उनके साथ उपस्थित थे मैनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन को लेकर चर्चा किया गया। इस दौरान पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने कहा की विष्णुदेव सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है यह भाजपा सरकार जनहित में कार्य करने वाली सरकार है। उन्होने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से भाजपा संगठन को मजबूत बनाने कार्य करने की बात कही है। इस दौरान गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा की आज छत्तीसगढ़ की जनता सरकार के योजनाओं से बेहद खुश है प्रदेश में धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है भाजपा सरकार किसानो का निर्धारित धान का एक एक दाना खरीदेगी और लगातार सहकारी सोसायटियों में व्यवस्था का जायजा भी लिया जा रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा विष्णुदेव साय कि सुशासन की सरकार है लाखो लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है भाजपा सरकार गरीबो को आवास महिलाओ को महतारी वंदन जैसे योजनाओं का लाभ दिला रही है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, मोहित द्विवेदी, नरेश सिंह, सुधीर ठाकुर, मनोज निर्मलकर, रामदास वैष्णव एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
40 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
11 दिसम्बर दिन गुरूवार, सुबह 10:30 से 3 बजे तक
गायत्री मंदिर, सरकारी अस्पताल के पास, राजिम
क्या आपकी नश दब गई है ?
नशों में दबाव के कारण :
दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन, शून्यपन
ज्यादा चलने पर एवं खड़े होने पर दर्द होना
असहनीय दर्द से छूटकारा
हर कदम चले बिना दर्द के
SCIATICA
- लकवा, स्लिप डिस्क
- रीढ़ की हड्डी में दर्द
- सयाटिका
- एड़ी दर्द, कंधा दर्द, गर्दन दर्द
- Cervical Spondylosis
- अकड़न एवं चक्कर
- युरिक एसिड RA Factor बढ़ना
- Varicose Veins नीली नशो का गुच्छा
- घूटना दर्द (Osteoarthritis)
- घूटने एवं पैरों में सूजन
- ज्यादा चलने एवं बैठकर उठने में दर्द
- कट-कट की आवाज
- लिक्विड कम होना, हड्डी में गैप होना।
- सीढ़ी चढ़ने-उतरने में दर्द
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9630634468
स्थायी पता : कटोरा तालाब, नेताजी चौक, रायपुर